स्वच्छता साफ पर्यावरणों को बनाए रखती है

रहने वाला एक स्वस्थ वातावरण पर्याप्त सफाई पर निर्भर करता है। स्वच्छता व्यवस्थाओं के बिना, मानव अपशिष्ट भूजल और सतह के पानी में प्रवेश करती है। खुले में शौच के दौरान इकट्ठा हुआ मल भूमि को दूषित करता है। खेतों, नालों या नदियों में बाल्टियों या शौचालयों से फेंक दिया गया संचित मल एक पर्यावरणीय खतरा है। यह अक्सर पाइपों के माध्यम से और गड्ढे वाले शौचालयों से रिसाव के माध्यम से मल की अपर्याप्त निपटान के साथ होता है।

विकासशील दुनिया में, सीवेज का लगभग 90 प्रतिशत स्वास्थ्य पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव के साथ नदियों, झीलों और तटीय क्षेत्रों[1] में बिना संसाधन के बहा दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष, दक्षिणी एशिया में 5 साल की उम्र से कम के बच्चों के बीच डायरिया (दस्त लगना) के लगभग 3,00,000 मामले सामने आते हैं। जल और स्वच्छता उपायों से डायरिया (दस्त लगना) के कारण होने वाली बाल मृत्यों को 88 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।[2]

स्वच्छता संकट दुनिया भर में विशेष रूप से उच्च घनत्व वाली अनौपचारिक बस्तियों में गंभीर है। सुरक्षित रूप से मल या कचरा के निपटान के लिए कोई रास्ता न होने के साथ, एक अरब के आसपास झुग्गी वासियों को 'उड़ान शौचालय' पर निर्भर रहना पड़ता है, प्लास्टिक के बैग जो इस्तेमाल किये जाते हैं और दूर फेंक दिये जाते है और सार्वजनिक स्थलों में मानव अपशिष्ट को फेंकने का सहारा लेना पड़ता है।

यह स्थिति केवल शहरी बस्तियों तक ही सीमित नहीं है और गरीब उपनगरों, छोटे बाजार कस्बों, बड़े गांवों, अर्द्ध-शहरी बस्तियों और विकासशील दुनिया भर के अन्य स्थानों में पाई जा सकती है। एशिया में, 750 मिलियन से अधिक लोग अभी भी खुले में शौच करते हैं,[3] अपने मल को आसपास के वातावरण को दूषित करने, जलमार्ग में प्रवेश करने और, अंततः, पूरे समुदाय की आजीविका और स्वास्थ्य को प्रभावित करने के लिए ज़मीन पर छोड़ देते हैं।

एक मलिन वातावरण में रहना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को हानि पहुँचाता है। यह कलंक लगाने वाला है, अक्सर रोज़गार के प्रति चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है और मानव की गरीबी को और गहरा करता है। खराब स्वच्छता बहुत से स्वास्थ्य खतरों के तौर पर और साथ ही साथ एक अंधकारमय और बेहद निराशाजनक परिदृश्य बनाती है। सड़के मिट्टी, गड्ढों और कूड़े और कचरों के ढेरों से, साथ ही बीमारी फैलाने वाले कीड़े, रोगाणुओं और कृन्तकों से भरी पड़ी हैं। बदबूएँ अक्सर अप्रिय होती हैं, बहुत तीव्र होती हैं।

खुले में शौच करने को समाप्त करना बहुत ज़रूरी है

यदि खुले में शौच करने का काफी ज़्यादा इस्तेमाल किया जाता है तो एक स्वस्थ रहने वाले ऐसे वातावरण को बनाना असंभव है जो मानवीय गरिमा का समर्थन करता है और बीमारी फैलाने वाले स्थितियों से मुक्त है। यह एक कारण है कि देश खुले में शौच करने को समाप्त करना चाहते हैं, संयुक्त राष्ट्र के संकल्प में जिससे 2015 की ड्राइव की स्थापना की है। संबंधित तथ्यों में शामिल हैं:

- वैश्विक स्तर पर आबादी का 15 प्रतिशत अभी भी खुले में शौच करता है।[4]
- यह दरें एशिया और उप सहारा अफ्रीका में, 44 प्रतिशत और 27 प्रतिशत क्रमानुसार पर सबसे अधिक हैं।[5]
- शौचालयों में एकत्र मल अक्सर उपचार संयंत्रों में नहीं ले जाया जाता है। बजाय इसके, इसे विनियमन और प्रवर्तन, या अपर्याप्त बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण खुले में फेंक दिया जाता है।

स्वच्छता और अपशिष्ट जल का उपचार पर्यावरणीय स्थिरता को सहायता देता है

यदि हम खुले में शौच के तत्काल स्वास्थ्य प्रभावों से परे देखते हैं तो हम अनुपचारित मल जल और नदियों, झीलों और तटीय क्षेत्रों में अनुपचारित मल के कीचड़ की बड़ी मात्रा के कारण काफी अधिक हो रहे पर्यावरण संबंधी नुकसान को देखते हैं। अक्सर यह प्रथा विकासशील देशों के साथ जुड़ी होती है। हालांकि, यह अन्य क्षेत्रों, जिनमें पूर्वी यूरोप भी शामिल है, में यह अब भी एक मसला है, जहाँ अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र वर्तमान में विकसित किये जा रहे हैं।

1 कोरकोरन, एमिली, एवं अन्य, संपादक, *अस्वच्छ पानी? सतत विकास में अपशिष्ट प्रबंधन की केंद्रीय भूमिका – एक तेजी से प्रतिक्रिया के मूल्यांकन* संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, UN-HABITAT and GRID-Arendal, www.grida.no, 2010.

2 संयुक्त राष्ट्र बाल कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन, *डायरिया: बच्चे अभी भी क्यों मर रहे हैं और क्या किया जा सकता है,* UNICEF और WHO, न्यू यॉर्क और जिनेवा, 2009, पृष्ठ 1.

3 WHO/UNICEF जल आपूर्ति और स्वच्छता के लिए संयुक्त निगरानी कार्यक्रम (JMP), *पेयजल और स्वच्छता पर प्रगति: 2013 अपडेट,* संयुक्त राष्ट्र बाल कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन, न्यू यॉर्क और जिनेवा, 2013, पृष्ठ 6.

4 WHO/UNICEF जल आपूर्ति और स्वच्छता के लिए संयुक्त निगरानी कार्यक्रम (JMP), *पेयजल और स्वच्छता पर प्रगति: 2012 अपडेट,* संयुक्त राष्ट्र बाल कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन, न्यू यॉर्क और जिनेवा, 2012, पृष्ठ 15.

5 Ibid, पृष्ठ 18.

इस प्रकार का प्रदूषण ज़मीन और सतह पर आये पानी के इस्तेमाल को प्रभावित करता है और गंभीर पर्यावरणीय प्रक्रियाओं के विघटन और पारिस्थितिक तंत्रों के विनाश की ओर ले जाता है। जलीय मृत क्षेत्रों, पानी में कम या कोई भी ऑक्सीजन न होने वाले क्षेत्र, समुद्री पर्यावरण के 245,000 किलोमीटर तक बढ़ चुके हैं, जिनमें एशिया, कैरीबियन, यूरोप और उत्तरी अमेरिका भी शामिल हैं। अकेले दक्षिण पूर्व एशिया में ही, प्रति वर्ष 13 लाख मीट्रिक टन मल अंतर्देशीय जल स्रोतों में बहा दिया जाता है - साथ ही 122 मिलियन घन मीटर मूत्र और 11 अरब घन मीटर प्रदूषित पानी भी।[6] यह उन लोगों के लिए एक बड़े स्वास्थ्य खतरे को प्रस्तुत करता है जो अपनी पीने के पानी की जरूरतों के लिए खुली नदियों और कुंओं पर निर्भर करते हैं और साथ ही साथ अपनी आजीविका के लिए मत्स्य पालन पर निर्भर करने वाले लोगों के लिए एक आर्थिक चुनौती पैदा करता है।

नदियों के साथ-साथ, पानी के स्रोत के आस-पास रहने वाले प्रयोक्ता आम तौर पर अच्छी गुणवत्ता वाले पानी का आनंद उठाते हैं जबकि नीचे रहने वाले प्रयोक्ताओं को मल मूत्र मिले 'सीवेज सिंक' के पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है। खराब अपशिष्ट जल प्रणालियाँ और न होने के बराबर वाली स्वच्छता का प्रभाव अरबों की लागत और खराब हुए पारिस्थितिक तंत्र हैं। यह साथ ही सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों, सतत विकास, रोज़गार, श्रम उत्पादकता, पर्यावरणीय स्थिरता की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न कर रहा है, साथ ही यह दुनिया भर में कई मिलियन लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रहा है।

खराब स्वच्छता की वजह से होने वाला जल प्रदूषण दक्षिण पूर्व एशिया में प्रति वर्ष 2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के खर्च का कारण बनता है। इंडोनीशिया और वियतनाम में, मुख्य रूप से उत्पादक भूमि के नुकसान से, सालाना 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की पर्यावरणीय लागत का कारण बनता है।[7]

अपशिष्ट के पुन: इस्तेमाल के कई फायदे हैं

स्वच्छता में कार्रवाईयों की एक श्रृंखला शामिल है, लेकिन एक टिकाऊ पर्यावरण और सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए, शीर्ष प्राथमिकता मल मूत्र और बहुत सारे जैविक रोगजनकों के साथ संपर्क में आने से बचना है।

खुले में शौच करने को समाप्त करना एक ज़रूरी पहला कदम है। नवीन दृष्टिकोण, जैसे कि समुदाय के नेतृत्व में सम्पूर्ण स्वच्छता, समुदायों में जागरूकता बढ़ाने और समुदाय में व्यापक जिम्मेदारियों का समर्थन करके शौच मुक्त प्रथाओं को स्थापित करने में मदद करती है।

पूर्ण स्वास्थ्य को हासिल करने के लिए, सामाजिक और आर्थिक फायदे, अतिरिक्त अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकों पर विचार किया जाना ज़रूरी है, जो मल जल के उपचार के अलावा स्थायी सीवेज और मल कीचड़ प्रबंधन प्रदान करते हैं। ज़रूरी नहीं कि इसमें बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल हो; छोटे, विकेन्द्रीकृत प्रणालियाँ और भी अधिक प्रभावी हो सकती हैं।

स्थायी स्वच्छता सीवेज और कीचड़ में निहित पोषक तत्वों का पुनः उपयोग करके उत्पादक स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार प्रदान करती है। पुन: उपयोग के कई फायदे हैं। यह जैविक कृषि के क्षेत्र में एक उर्वरक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे कम भूमि के साथ और अधिक भोजन का उत्पादन प्राप्त होता है। यह दृष्टिकोण महंगे अकार्बनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करने में मदद कर सकता है। बायोगैस उत्पादन के लिए कीचड़ में ऊर्जा को ग्रहण करना पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता को कम करने में मदद करता है और खाना पकाने के लिए एक सस्ती ऊर्जा स्रोत प्रदान करता है। सिंचाई के लिए संसाधित किये गये अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग इन उद्देश्यों के लिए पीने के पानी की खपत को कम कर देता है। इन सभी पद्धतियों को सुरक्षित तरीकों से और मानकों के अनुसार किया जाना ज़रूरी है जैसा कि अपशिष्ट जल के सुरक्षित पुन: उपयोग के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों में दिया गया है।

ठीक से संभाली गई, अच्छी स्वच्छता और मानव अपशिष्ट का उत्पादक तरीके से निपटान रोज़गार पैदा कर सकता है और साथ ही सार्वजनिक और पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे सकता है। एक समस्या स्रोत होने की बजाय, मानव अपशिष्ट, चाहे उसका प्रबंधन घरेलू स्तर पर किया जाता हो या शहरी अपशिष्ट जल उपचार प्रणालियों में एकत्र किया जाए, एक पर्यावरणीय सम्पत्ति बन सकता है - बेहतर खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधि तक अग्रसर करता।

कार्यवाही करें!

अपनी स्वयं की स्वच्छता ड्राइव को उत्साह से शुरू करके 2015 के अभियान में स्वच्छता के लिए कार्रवाई करें! छोटी या बड़ी - सभी के लिए स्वच्छता! अधिक जानकारी के लिए www.sanitationdrive2015.org पर जाएँ।

6 जल आपूर्ति एवं स्वच्छता सहयोगात्मक परिषद, 'संसाधन', www.wsscc.org/resources/resource-statistics, accessed 17 जुलाई 2012.

7 जल एवं स्वच्छता कार्यक्रम, *दक्षिण पूर्व एशिया में स्वच्छता का आर्थिक प्रभाव: कंबोडिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम में किया गया एक चार देशीय अध्ययन स्वच्छता की पहल के अर्थशास्त्र के तहत*, फरवरी 2008, पृष्ठ 32.

UN WATER

हमारे बारे में: 2015 की स्वच्छता ड्राइव संयुक्त राष्ट्र के संकल्प पर निर्मित है जिसे 2010 में सभी सदस्य राज्यों ने समर्थन दिया था-जो बुनियादी स्वच्छता तक स्थायी उपयोग के बिना रहने वाले लोगों की संख्या को आधा करने के लिए MDG के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयासों को दुगुना करने की मांग कर रही है। यूएन-पानी, जिसमें 30 संयुक्त राष्ट्र संस्थाएँ और 22 भागीदार शामिल हैं, इस काम को समन्वयित कर रहे हैं। विश्व भर में नागरिक समाज समूहों ने अपने समर्थन देने का वादा किया है।